न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

वर्ष–3 अंक–22
मासिक – मार्च, 2025

## सत्र का उद्देश्य

- ❖ पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- ❖ शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- ❖ देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- ❖ नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र
**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

## Events at College




**कालीचरण पी0 जी0 कॉलेज, के.जी.एम.यू. और पी.एस.आई. इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन**

दिनांक 07.03.2025 को कालीचरण पी जी कॉलेज, लखनऊ में **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** की पूर्व संध्या पर **कालीचरण पी0 जी0 कॉलेज, के.जी.एम.यू. और पी.एस.आई. इंडिया** के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में KGMU के डॉक्टरों द्वारा छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्वास्थ रहने के टिप्स बताये गये। **परिवार कल्याण महानिदेशालय की निदेशक डॉ0 संगीता गुप्ता** ने छात्राओं से सरकार द्वारा चलायी जा रही जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और उनकी जानकारी को समाज में अन्य महिलाओं तक पहुचाने की बात कही। **रेस्परेटरी मेडिसिन डिपार्टमेन्ट KGMU के डॉक्टर सूर्यकांत** ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर खुलकर बात करनी चाहिए कोई भी जानकारी संबंधित डॉक्टर या किसी प्रमाणित स्रोत से लेनी चाहिए। **वरष्ठि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुजाता देव** ने कहा कि मासिक धर्म की समस्याओं को नजरअंदाज न करें, यह एक आम प्रक्रिया है। ऐसे मे मानसिक रूप से स्वास्थ रहना अति आवश्यक है। इसमें परिवार और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। महाविद्यालय से लेकर परिवार तक



हमें एक ऐसे मैत्रीपूर्ण वातावरण का निर्माण करना है जिसमें छात्राएं अपनी बात रखने में किसी भी तरह का संकोच न करें। महाविद्यालय के **प्रबंधक इं. वी. के. मिश्र** जी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे लिये गर्व का विषय है कि आज हमारे बीच KGMU एवं अन्य संस्थाओं के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर उपस्थित हैं। उनकी और हमारी चिंताएं भी समान हैं। देश की प्रगति में महिलाओं की महती भूमिका है ऐसे में महिलाओं का मानसिक और शारीरिक रूप से स्वास्थ रहना अति आवश्यक है। महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो चंद्र मोहन उपाध्याय** ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमें संयुक्त प्रयास से एक ऐसे समतामूलक समाज का निर्माण करना है, जो स्त्री और पुरूष दोनों को बढ़ने और विकास में समान योगदान का अवसर प्रदान करे। इस अवसर पर **'पढ़े महाविद्यालय और बढ़े महाविद्यालय' कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्राध्यापकों के साथ पुस्तकों का वाचन किया और पुस्तकें पढ़ने की आदत विकसित करने का प्रण लिया। साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दहेज ना लेने और नशे से दूर रहने की शपथ ली।** इस अवसर पर **पी.एस.आई. इण्डिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री मुकेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय किशोर स्वाथ्य कार्यक्रम के महाप्रबन्धक डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल,** महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो0 मीना कुमारी, चीफ प्रॉक्टर श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, प्रो0 वी0एन0 मिश्रा, प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय, सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**ग्राम तेजकिशन खेड़ा स्थित सामुदायिक भवन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आरम्भ किया गया।**



लखनऊ के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कालीचरण पी0जी0 कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 03 से 09 मार्च तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का आरम्भ ग्राम तेजकिशन खेड़ा स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। विशेष शिविर के लिए रवाना होने से पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर शिविरार्थियों को अनुशासन में रहकर समाज सेवा के लिए प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दी है। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारियों सहित तेजकिशन खेड़ा स्थित सामुदायिक भवन पर पहुंचे और शिविर स्थल की साफ–सफाई किया।

उसके बाद शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुंवर राम विलास, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान तेज किशन खेड़ा राम पाल यादव ने विवेकानन्द व महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्पअर्पित कर शिविर की शुरूआत की। राम विलास ने स्वयंसेवकों के गाँव के बारे में बताते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को भी साझा किया और विद्यार्थियों को शिविर में प्रतिभागी बनने की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गायन के उपरान्त भोजन किया।

द्वितीय सत्र में बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा व्यक्तिगत विकास पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी द्वारा व्याख्यान दिया गया। तृतीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अग्रिम तैयारी को लेकर स्वयं सेवकों द्वारा परिचर्चा





की गई। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ0 शिवकुमार एवं शिविरार्थी उपस्थित रहे।

**<u>”21वीं सदी में ’नारी सशक्तिकरण’ भारतीय समाज को नई दिशा दे रही ळेंþ विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन</u>**

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में दिनाँक 04.03.2025 एवं 05.03.2025 को द्विचरणीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक ”21वीं सदी में ’नारी सशक्तिकरण’ भारतीय समाज को नई दिशा दे रही है, युवा नारी संवाद” था प्रतियोगिता में युवा छात्राओं के साथ–साथ युवा छात्रों ने भी उत्साह से प्रतिभाग किया। विमर्श में छात्र–छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। युवा छात्र–छात्राएं इस निष्कर्श पर आए कि 21वीं सदी नारी सशक्तिकरण की है महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में उन्नति का अवसर प्राप्त हो रहा है। विमर्श में प्रथम स्थान रामा देवी बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान शालू मिश्रा बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान तनिष्का गुप्ता बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर एवं सांत्वना पुरस्कार कुमारी शिवांगी एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय एवं राजीनति विज्ञान प्रभारी श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो0 मीना कुमारी, श्रीमती दीपमाला वर्मा, डॉ0 पूनम अस्थाना, पुस्तकालय विभाग से सुश्री संघमित्रा गौतम के साथ राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ0 श्वेता पाण्डेय, डॉ0 एस0पी0 सिंह एवं डॉ0 आदर्श कौशल उपस्थित रहे। निर्णायक मण्डल में डॉ0 श्वेता पाण्डेय एवं श्रीमती दीपमाला वर्मा ने सहयोग किया।

**<u>अर्थशास्त्र विभाग में Quiz Competition का आयोजन किया गया</u>**




कालीचरण महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने दिनाँक 04.03.2025 को विभाग के विद्यार्थियों के मध्य Quiz Competition का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय **’महिला सशक्तिकरण’** रहा। प्रतियोगिता के अन्तर्गत पूछे गये प्रश्न महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक योगदान, महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानूनों एवं उनकी खेल उपलब्धियों पर आधारित रहे। विद्यार्थियों का प्रतिभाग उत्साहपूर्ण एवं प्रशंसनीय रहा। प्रतियोगिता में राहुल, बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर ने प्रथम, आर्यन सिंह, बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर ने द्वितीय, सूरज गौतम, बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने तृतीय पुरस्कार एवं अविनाश रावत, बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर ने सान्तवना पुरस्कार प्राप्त किया।

**<u>’महिला सशक्तिकरण’ विषय पर द्विचरणीय प्रतियोगिता का आयोजन</u>**

दिनाँक 05.03.2025 को कार्यक्रम की द्वितीय श्रृंखला में अर्थशास्त्र विभाग ने, समाजशास्त्र विभाग, शिक्षाशास्त्र विभाग तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ’शिक्षा एवं नारी विकास’ विषय पर तत्क्षण भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत उक्त प्रथम चरण के चयनित प्रतिभागियों को भी सम्मिलित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने महिला अधिकारों तथा शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसके आाधार पर विजेता घोषित किये गये प्रथम विजेता :– काजल मिश्रा, बी0ए0 VI Sem., द्वितीय विजेता :– विनीता कन्नौजिया, एम0ए0 IV Sem., तृतीय विजेता :– प्रियंका तिवारी, एम0ए0 II Sem.

**<u>उत्तर प्रदेश की पहली महिला Air Paratrooper and Sailor तथा तीसरी प्रशिक्षित महिला पायलट ने छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया।</u>**




महाविद्यालय में अन्र्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के तौर पर आतंत्रित नारी एवं जनाधिकार के लिए निरन्तर समर्पित उत्तर प्रदेश की पहली महिला Air Paratrooper and Sailor तथा तीसरी प्रशिक्षित महिला पायलट श्रीमती प्रीती एम शाह रहीं जिन्होंनं उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को साइबर अपराध प्रेम के नाम पर ठगी तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें अपने परिवार के

सदसयों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने बीबीसी के फार्मूले पर बिहैविरल चेन्ज कम्युनिकेशन के बारे में विस्तार से बताया और पुरूषों की महिलाओं के योगदान को नकारने की प्रवृत्ति से बचने की बात दोहराई। सभा को सम्बोधित करते हुए समाज शास्त्र के प्रो0 वी0एन. मिरा ने परिवार से ही शुरू होने वाली भेदभाव की प्रवृत्ति को उदाहरण सहित समझाया तथा पुरुष समाज को स्वयं में बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो0 मीना कुमारी ने महिलाओं द्वारा नेपथ्य से मंच तक पहुँचने में किए जा रहे। संघर्ष की ओर ध्यान आकर्षित किया। सभा की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने किया। उन्होंने मुख्य आमंत्रित वक्ता मैडम प्रीति शाह सहित सभी अतिथियों छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

**<u>कालीचरण महाविद्यालय में Fantasy Fiesta-0.1 (आर्ट, क्राफ्ट एण्ड फूड मेला) का आयोजन किया गया</u>**





दिनाँक 11.03.2025 को कालीचरण महाविद्यालय में **Fantasy Fiesta-0.1 (आर्ट, क्राफ्ट एण्ड फूड मेला)** आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और हस्तनिर्मित वस्तुओं और विभिन्न तरह के फूड स्टॉल लगाये।

**<u>शहीद दिवस के अवसर पर आलेख प्रतियोगिता आयोजन</u>**



कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में दिनाँक 24.03.2025 को '23 मार्च (शहीद दिवस)' के रूप में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकरियों का योगदान विषय पर एक आलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम स्थान– रोली यादव –एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान– नीतू रावत बी0ए0 षष्टम् सेमेस्टर, पल्लवी साहू– एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। सॉत्वना प्रथम स्थान आर्यन सिंह – बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर, राज सोनकर– बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर, रामा देवी बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय एवं राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय के साथ डॉ0 श्वेता पाण्डेय, डॉ0 एस0पी0 सिंह, डॉ0 आदर्श कौशल उपस्थित रहे। निर्णायक मण्डल में डॉ0 पूनम अस्थाना, श्रीमती दीपमाला वर्मा एवं सुश्री संघमित्रा गौतम ने सहयोग किया।

**<u>अर्थशास्त्र विभाग' के द्वारा "विकासशील भारत" (Developing India) विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।</u>**




दिनाँक 25.03.2025 को कालीचरण महाविद्यालय के 'अर्थशास्त्र विभाग' के द्वारा "विकासशील भारत" (Developing India) विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भारत के विकासशील स्वरूप को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान तथा रचनात्मकता को विकसित करने की ओर एक सफल प्रयास रहा। डॉ0 गुंचा फातिमा (वाणिज्य विभाग), डॉ0 श्वेता पाण्डेय (राजनीति विज्ञान विभाग) एवं डॉ0 पूनम अस्थाना (समाजशास्त्र विभाग) प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल की भूमिका में रहे।

उक्त प्रतियोगिता में प्राची, बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर – प्रथम पुरस्कार, आर्यन सिंह, बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर – द्वितीय पुरस्कार एवं निधि कश्यप, बी0ए0 षष्टम् सेमेस्टर तृतीय स्थान पर रहे।

## कालीचरण पी0 जी0 कॉलेज में युवा खेल महोत्सव 2025 का उद्घाटन हुआ



दिनांक 28–03–2025 को उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम्, काव्योम, प्रो0 शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट एवं कालीचरण पी0जी0 कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित युवा खेल महोत्सव 2025 का उद्घाटन प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय प्राचार्य कालीचरण पी0जी0 कॉलेज ने किया। इस मौके पर गौरव दीक्षित प्रदेश महामंत्री वित्तपोषित इण्टर कॉलेज प्रबंधक एसोशिएशन उ0प्र0, प्रो0 कलयाणी द्विवेद संयोजक युवा खेल महोत्सव कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, डॉ0 मुकेश मिश्रा सह संयोजक युवा खेल महोत्सव 2025, डॉ0 अरूण कुमार यादव क्रीड़ा समिति सदस्य कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, योगेश तिवारी, कौंतेय जय, अनमोल मिश्र, राहुल त्रिपाठी, राघव मिश्र, अभिषेक पाठक आदि अतिथिगण उपस्थित थे। खेल महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र–छात्राओं के युवा जोश से पूरा मैदान गूंज उठा। टीम को हर खिलाड़ी अपनी जीत दिलाने के लिए पूरी मेहनत की और रणनीत साथ खेले। क्रिकेट के लिए महाविद्यालय की 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। सम्पूर्ण खेलों के निर्णायक तुषार ने बताया कि फ़ाइनल मुकाबला 29 मार्च को खेला जाएगा वहीं बैडमिंटन में भी 3 टीमों के 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

## दो दिवसीय युवा खेल महोत्सव 2025 का समापन

लखनऊ कालीचरण पी0जी0 कॉलेज के प्रांगण में आज उत्तिष्ठ सेवा संस्थान, काव्योम, प्रो0 शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट एवं कालीचरण पी0जी0 कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय युवा खेल महोत्सव 2025 का समापन प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि मनोज जी क्षेत्र संपर्क प्रमुख पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशिष्ट अतिथि प्रो0 मंजुला उपाध्याय, प्राचार्य नवयुग कन्या महाविद्यालय व संरक्षक प्रो0 शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालीचरण पी0जी0 कॉलेज के मुख्य कुलानुशासक प्रो0 डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, प्राचार्य कालीचरण पी0जी0 कॉलेज प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, युवा खेल महोत्सव 2025 की संयोजिका प्रो0 कल्याणी द्विवेदी, सह–संयोजक डॉ0 मुकेश मिश्रा, डॉ0 अरूण कुमार यादव आदि प्रमुख लोग समापन सत्र में उपस्थित रहे कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल हमें न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि मानसिक सुदृढ़ता भी प्रदान करते हैं खिलाड़ियो ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति अपनी अत्यधिक भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रेरित किया और मनोबल बढ़ाया विशिष्ट अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित किया और क्रिकेट और बैडमिन्टन के सभी विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 कल्याणी द्विवेदी ने किया क्रिकेअ और बैडमिन्टन में में लगभग 110 प्रतिभागी रहे जिसमें क्रिकेअ की 4 टीमों में लगभग 65 खिलाड़ी और बैडमिन्टन में 40 से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया। सिममें बैडमिन्टन के समस्त खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र और विजयी टीमों के सभी प्रतिभागियों को रू0 1100 की नकद राशि और क्रिकेट में विजेता टीम को रू0 2100 व मेउल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 बी0एन0 पाठक, पंकज उपाध्याय, बलराम वर्मा, अशोक त्रिपाठी, योगेश तिवारी, कौंतेज जय, अनमोल मिश्र, राहुल त्रिपाठी, राघव मिश्र, अभिषेक पाठक और तुषार जी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अंत में सभी स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिन्होंने इयस युवा खेल महोत्सव को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

---

# Emphasis on health, well-being, empowerment of women

**Lucknow (PNS):** On the eve of International Women's Day, an awareness programme called 'Healthy India with Half the Population' was held at Kalicharan PG College in collaboration with Population Services International India (PSI India). The event, attended by hundreds of students and staff, featured experts from the Health department, KGMU, and PSI India, who provided vital health information and discussed government schemes designed to benefit women.

Head of KGMU's respiratory medicine department Dr Surya Kant shared five essential 'P' mantras for maintaining health and achieving success.

The first was nutrition, crucial for physical and mental well-being. The second was passive smoking, stressing the harmful effects of secondhand smoke. The third focused on periods, highlighting the importance of hygiene during menstruation. The fourth 'P' was pregnancy, emphasising the need for good health for a healthy pregnancy. The fifth was passion, encouraging women to stay stress-free.

Kalicharan PG College Director VK Mishra encouraged students to adopt these health tips for a successful future. PSI India's Executive Director, Mukesh Kumar Sharma, emphasised that a healthy youth is key to India's progress by 2047. Dr Manoj Kumar Shukla stressed the importance of educating adolescent girls about menstruation. Dr Sangeeta Gupta highlighted several government schemes like Janani Suraksha Yojana, while Dr Jyoti Bajpai and Dr Shikha Srivastava spoke on the strength of women in all fields and the need for both men and women to stay healthy.

## महिला दिवस की पूर्व संध्या पर "आधी आबादी के साथ-स्वस्थ भारत की बात" कार्यक्रम आयोजित

### डॉ. सूर्यकान्त ने सेहतमंद जीवन के लिए छात्राओं को दिए पांच "पी" का मूल मंत्र

आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो





## डॉ. सूर्यकान्त ने सेहतमंद जीवन के लिए छात्राओं को दिए पांच "पी" का मूल मंत्र



## पुलिसकर्मी रवि कुमार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत से लगा झटका

# बच्चों को बांटी किताबें



**NBT न्यूज, चौक:** कालीचरण पीजी कॉलेज में शनिवार को कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर में महिला दिवस मनाया गया। दिन भर सकारात्मक एवं स्वच्छता सेवा का कार्य चला। इस दौरान बच्चों को कॉपी किताब वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, कुंवर रामविलास, रामपाल यादव, डॉ. अल्का द्विवेदी, डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. शिव मौजूद रहे।